# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

**संकल्प**

सं०सं० :– 3/अ०प्र०–7–02/2025 9449 /पटना, दिनांक :– 1.9.25

श्री विनोद कुमार राय, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मधुबनी अतिरिक्त प्रभार कार्य अंचल, सीतामढ़ी के पटना स्थित आवास में दिनांक 21/22.08.2025 की रात्रि में आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना द्वारा की गयी छापामारी में श्री राय के आवास से 40 (चालीस) लाख नगद सहित कई अन्य कागजात बरामद किये गये हैं। साथ ही छापेमारी के क्रम में भारतीय करेन्सी नोट जलाने, साक्ष्य को मिटाने, सरकारी कार्य में बाधा डालने के संबंध में आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–22/2025 दिनांक 22.08.2025, धारा 326 (F)/238(C)/132/3(5) B.N.S 2023 एवं धारा–28 आर0बी0आई0 एक्ट 1934 दर्ज किया गया है तथा श्री राय को दिनांक 22.08.2025 को गिरफ्तार कर दिनांक 23.08.2025 को न्यायिक अभिरक्षा में आर्दश केन्द्रीय कारा, बेउर, पटना भेजा गया है।

2. श्री विनोद कुमार राय, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मधुबनी अतिरिक्त प्रभार कार्य अंचल, सीतामढ़ी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने के कारण इन्हें बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथासंशोधित) के नियम– 9(2) के सुसंगत प्रावधान के तहत उनकी गिरफ्तारी की तिथि 22.08.2025 के प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में इन्हें बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10 की सुसंगत कंडिकाओं के अनुरूप अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

4. कारा से रिहा होने के पश्चात श्री राय ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना (मुख्यालय) में योगदान करेंगे।

5. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

S. Kumar 01/9/25

(संजय कुमार)
अवर सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–7–02/2025 9449 /पटना, दिनांकः– 1.9.25

**प्रतिलिपि** :– अवर सचिव, ई–गजट कोषांग, वित विभाग, बिहार, पटना को दो प्रतियों में हार्ड कॉपी एवं सी.डी के साथ सूचनार्थ एवं बिहार राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

S. Kumar 01/9/25
अवर सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–7–02/2025 9449 /पटना, दिनांकः– 1.9.25

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/ वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, निर्माण भवन, बेली रोड, पटना/जिला कोषागार पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

SKumar 01/9/25
अवर सचिव

ज्ञापांकः– 3/अ०प्र०–7–02/2025 9449 /पटना/दिनांकः– 1.9.25

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/योजना एवं विकास विभाग/ग्रामीण विकास विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, मधुबनी/सीतामढ़ी/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अवर सचिव (प्रभारी लेखा शाखा), ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी–6/प्रशाखा पदाधिकारी–12, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/श्री विनोद कुमार राय, तदेन अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मधुबनी अतिरिक्त प्रभार कार्य अंचल, सीतामढ़ी सम्प्रति न्यायिक अभिरक्षा में आर्दश केन्द्रीय कारा, बेउर, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

SKumar 01/9/25
अवर सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–7–02/2025 9449 /पटना/दिनांकः– 1.9.25

प्रतिलिपि :– कारा अधीक्षक, आर्दश केन्द्रीय कारा, बेउर, पटना को एक अतिरिक्त प्रति सहित इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसकी तामिला श्री विनोद कुमार राय को कराते हुए तामिला प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

SKumar 01/9/25
अवर सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–7–02/2025 9449 /पटना/दिनांकः– 1.9.25

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

SKumar 01/9/25
अवर सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–7–02/2025 9449 /पटना/दिनांकः– 1.9.25

प्रतिलिपि :– आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

SKumar 01/9/25
अवर सचिव

hone-0612-2545191 Fax-0612-2545322, Website:- http//rwdbihnic.org, E-mail : secretaryrwdbihar@gmail.com, secy-reo-bih@nic